और कुछ ना तमन्ना मेरी मुझे श्याम चौखट तेरी मिल गई लिरिक्स

खुशियों से झोली भरी,
ज़िंदगी ये संवर सी गई,
और कुछ ना तमन्ना मेरी,
मुझे श्याम चौखट तेरी मिल गई।bd।

तर्ज – जीता था जिसके लिए।

दुनिया थी रूठी हर आस टूटी,
कोई ना अपना रहा,
कमज़ोर था दिल हर पग पे मुश्किल,
कोई ना सपना रहा,
बिन पानी मछली सी हालत,
मेरी हो गई,
औंर कुछ ना तमन्ना मेरी,
मुझे श्याम चौखट तेरी मिल गई।bd।

रो रो के सबने हर बात पूछी,
पीछे से हँसते रहे,
घनघोर ग़म के छाये थे बादल,
मुझ पे बरसते रहे,
तक़दीर की जैसे चाबी,
मेरी खो गई,
औंर कुछ ना तमन्ना मेरी,
मुझे श्याम चौखट तेरी मिल गई।bd।

रहमत 'शिखा' पे रखना सदा तुम,
इतनी सी अरदास है,
बनकर के साया संग तुम चलोगे,
दिल में ये विश्वास है,
'सोनी' की ये ज़िन्दगी,
अब तेरी हो गई
औंर कुछ ना तमन्ना मेरी,
मुझे श्याम चौखट तेरी मिल गई।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

खुशियों से झोली भरी,
ज़िंदगी ये संवर सी गई,
और कुछ ना तमन्ना मेरी,
मुझे श्याम चौखट तेरी मिल गई।bd।

Singer – Shikha Bhargav

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com